**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

दिनांक : 07.03.2026 समय : 07.10 AM

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जाएंगी। वहां वे अंतर्राष्ट्रीय संथाल परिषद के नौवें सम्मेलन में शिरकत करेंगी।
- बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा। पहले ही दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा के शमशाबाद में 164 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 9 बजे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

## अब समाचार विस्तार से:—

### राष्ट्रपति- पश्चिम बंगाल दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिन के दौरे पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जाएंगी। वहां वे अंतर्राष्ट्रीय संथाल परिषद के नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शिरकत करेंगी।

### बजट सत्र

बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा। सत्र के पहले ही दिन यानी सोमवार को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए यह अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर 118 सांसदों के दस्तखत हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने सांसदों को 9 और 10 मार्च को सदन में मौजूद रहने का व्हिप जारी किया है।

**वेबिनार सीरीज- पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मार्च को सुबह 11:30 बजे बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित करेंगे। वेबिनार में भारत की शिक्षा, कौशल के साथ-साथ एनिमेशन, VFX, गेमिंग और कॉमिक्स क्रिएटर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्रीय बजट में की गई पहलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय दोपहर में एक अलग सत्र आयोजित करेगा, जिसमें 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में कॉन्टेंट क्रिएटर लैब बनाने की योजना पर विचार होगा। इन लैब्स का मकसद युवाओं को एनीमेशन, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों में कुशल बनाना है।

**विदेश राज्य मंत्री- ब्रिटन, चिली**

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कल से चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और चिली जाएंगे। श्री सिंह रविवार और सोमवार को लंदन में 26वीं राष्ट्रमंडल विदेश मंत्रियों की बैठक और राष्ट्रमंडल दिवस समारोह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

**मुख्यमंत्री- विदिशा दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा जिले के शमशाबाद पहुँचेंगे, जहाँ वे जिले को करीब 164 करोड़ रुपये के 97 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें 104 करोड़ रुपये के 56 नए निर्माण कार्यों का शिलान्यास और 59 करोड़ रुपये की लागत से पूरे हुए 41 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का भी उद्घाटन करेंगे।

**क्वींस ऑन द व्हील्स**

विदिशा पहुंचने से पहले डॉ. यादव सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री निवास से 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। देशभर से आईं 25 महिला सुपर बाइकर्स भोपाल से खजुराहो तक करीब 1,400 किलोमीटर की बाइक यात्रा पर निकलेंगी। यह 7 दिन की यात्रा सांची, ग्वालियर, ओरछा और कूनो समेत कई ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों से होकर गुजरेगी और 13 मार्च को भोपाल में समाप्त होगी। प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की इस पहल का मकसद प्रदेश की पर्यटन विरासत को देश-दुनिया तक पहुँचाना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

**रायसीना डायलॉग**

नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय रायसीना डायलॉग के 11वें संस्करण का आज आखिरी दिन है। कल विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सम्मेलन में कई देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने श्रीलंका, भूटान, मॉरीशस, केन्या, माल्टा, सेशेल्स और रवांडा के विदेश मंत्रियों से अलग-अलग द्विपक्षीय बातचीत भी की। इन मुलाकातों में आपसी संबंध मजबूत करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत की पड़ोसी प्रथम नीति इन संबंधों को आगे बढ़ाती रहेगी।

**बड़नगर- सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के बड़नगर को बड़ी सौगात देते हुए नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग को मंजूरी दी है। करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस नई 2 लेन सड़क से रतलाम की दूरी 40 किलोमीटर कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का हिस्सा बनेगा।

**यूपीएससी- सीएम बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 2025 में प्रदेश के चुने गए अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भोपाल के ईशान भटनागर ने टॉप-5 में जगह बनाई है, जबकि धार के पक्षल सेक्रेटरी ने आठवीं रैंक हासिल की है।

**कृषि मंत्री- 5 योजनाएं**

प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों की 5 बड़ी योजनाओं को 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इन पर करीब 10 हजार 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें सिंचाई, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक खेती इसमें शामिल हैं। श्री कंषाना ने बताया कि उड़द पर समर्थन मूल्य के अलावा 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी मिलेगा। इसके अलावा सरसों को भी भावांतर योजना में शामिल किया जाएगा।

## गेहूं उपार्जन- तारीख बढ़ी

प्रदेश सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीद के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक प्रदेश में 12 लाख से अधिक किसान पंजीयन करा चुके हैं। सरकार ने गेहूं पर 40 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला किया है, जिससे अब गेहूं 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।

## पुलिस- ई-फॉरेंसिक 2.0

प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों की जांच को और पुख्ता बनाने के लिए नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ई-फॉरेंसिक 2.0' शुरू किया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कल इसका शुभारंभ किया। इस सिस्टम से केस दर्ज होने से लेकर रिपोर्ट तैयार होने तक की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। थानों से सीधे ऑनलाइन फॉरेंसिक जांच का अनुरोध भेजा जा सकेगा और रियल-टाइम में केस की जानकारी भी मिलती रहेगी।

## टीआरपी रेटिंग पर रोक

सरकार ने समाचार चैनलों की टीआरपी रेटिंग को चार हफ्तों के लिए तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि कुछ न्यूज़ चैनल इस्राएल-ईरान संघर्ष को लेकर सनसनीखेज और अटकलबाजी वाली खबरें दिखा रहे थे। मंत्रालय का कहना है कि इस तरह की कवरेज से लोगों में डर और दहशत फैल सकती है।

## मौसम

प्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत में ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। नर्मदापुरम में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान 35 डिग्री से ऊपर है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में पारा 4 डिग्री और चढ़ सकता है और मार्च के पहले पखवाड़े में ही 40 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है।

## टी-20 विश्व कप

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप का फाइनल कल शाम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। शाम 7 बजे भारत और न्यूज़ीलैंड आमने-सामने होंगे। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में मौजूदा चैंपियन भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- अशोकनगर में आज से तीन दिवसीय करीला मेरा प्रारंभ हो रहा है। मेले के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतेजामत किए गए हैं।
2- झाबुआ में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर कलेक्टर नेहा मीना ने संबंधित विभागों की बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए।
3- सतना जिले में एचपीवी वैक्सीन 28 फरवरी से लगाई जा रही है। ये अभियान आगामी 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा।
4- मंदसौर में विश्व श्रवण दिवस पर जिला प्रशासन, सुंदर पाटवा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
5- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में 6 से 10 मार्च तक "नारी हर क्षेत्र में अग्रणी" थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल को इटारसी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।
6- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वुमेंस वीक 2026 के अंतर्गत आगरमालवा में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को मार्शल आर्ट एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

**1 मुख्यमंत्री- विदिशा दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा जिले के शमशाबाद पहुँचेंगे, जहाँ वे जिले को करीब 164 करोड़ रुपये के 97 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें 104 करोड़ रुपये के 56 नए निर्माण कार्यों का शिलान्यास और 59 करोड़ रुपये की लागत से पूरे हुए 41 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का भी उद्घाटन करेंगे।

**2 क्वींस ऑन द व्हील्स**

विदिशा पहुंचने से पहले डॉ. यादव सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री निवास से 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। देशभर से आईं 25 महिला सुपर बाइकर्स भोपाल से खजुराहो तक करीब 1,400 किलोमीटर की बाइक यात्रा पर निकलेंगी। यह 7 दिन की यात्रा सांची, ग्वालियर, ओरछा और कूनो समेत कई ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों से होकर गुजरेगी और 13 मार्च

को भोपाल में समाप्त होगी। प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की इस पहल का मकसद प्रदेश की पर्यटन विरासत को देश-दुनिया तक पहुँचाना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

**3 बड़नगर- सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के बड़नगर को बड़ी सौगात देते हुए नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग को मंजूरी दी है। करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस नई 2 लेन सड़क से रतलाम की दूरी 40 किलोमीटर कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का हिस्सा बनेगा।

**4 यूपीएससी- सीएम बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 2025 में प्रदेश के चुने गए अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भोपाल के ईशान भटनागर ने टॉप-5 में जगह बनाई है, जबकि धार के पक्षल सेक्रेटरी ने आठवीं रैंक हासिल की है।

**5 कृषि मंत्री- 5 योजनाएं**

प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों की 5 बड़ी योजनाओं को 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इन पर करीब 10 हजार 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें सिंचाई, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक खेती इसमें शामिल हैं। श्री कंषाना ने बताया कि उड़द पर समर्थन मूल्य के अलावा 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी मिलेगा। इसके अलावा सरसों को भी भावांतर योजना में शामिल किया जाएगा।

**6 गेहूं उपार्जन- तारीख बढ़ी**

प्रदेश सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीद के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक प्रदेश में 12 लाख से अधिक किसान पंजीयन करा चुके हैं। सरकार ने गेहूं पर 40 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला किया है, जिससे अब गेहूं 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।

**7 पुलिस- ई-फॉरेंसिक 2.0**

प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों की जांच को और पुख्ता बनाने के लिए नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ई-फॉरेंसिक 2.0' शुरू किया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कल इसका शुभारंभ किया। इस सिस्टम से केस दर्ज होने से लेकर रिपोर्ट तैयार होने तक की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। थानों से सीधे ऑनलाइन फॉरेंसिक जांच का अनुरोध भेजा जा सकेगा और रियल-टाइम में केस की जानकारी भी मिलती रहेगी।

**8 मौसम**

प्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत में ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। नर्मदापुरम में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान 35 डिग्री से ऊपर है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में पारा 4 डिग्री और चढ़ सकता है और मार्च के पहले पखवाड़े में ही 40 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है।

_______